दैनिक भास्कर
दिनांक 05/02/2022

# स्वयंसेविकाओं ने एक दिवसीय श्रमदान शिविर में कॉलेज परिसर की सफाई की

भास्कर न्यूज़ | कनीना



महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई करतीं स्वयंसेविकाएं।

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने कोविड-19 से संबंधित दिशा- निर्देशों के अनुपालन के तहत श्रमदान करते हुए संपूर्ण महाविद्यालय इमारत व परिसर की साफ-सफाई की।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सीमा देवी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिह्न 'मैं नहीं पहले आप' पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि सच्चा स्वयंसेवक स्वयं से पहले समुदाय को स्थान देता है। उन्होंने छात्राओं से अपील कि वे इस महामारी के समय अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने समीपवर्ती लोगों को जागरूक कर उनका यथासंभव सहयोग करें। डॉ. सुधीर यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना का अहम योगदान होता है, चूंकि यहीं से विद्यार्थी के अंदर सेवा भाव पैदा होता है और कर्म के प्रति निष्ठा जैसे मूल्य विकसित होते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज और विद्यालय के मध्य एक कड़ी का काम करता है। जिससे समाज के प्रति विद्यार्थियों को अपने उत्तरदायित्वों की समझ पैदा होती है के बारे में ज्ञानवर्धक वक्तव्य दिया। महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग के लिए डॉ. सीमा देवी ने आभार व्यक्त किया। इस शिविर के दौरान डॉ. अंकिता, नीतू, कविता, सपना, सुश्री सीमा, राजेश, हरपाल, अरूण, सोमेश, मोनू यादव, सुश्री पूनम, कंवर सिंह उपस्थित रहे।